प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 27.04.2026

मुख्य समाचारः—

- भारतमाला घोटाला मामले में ईडी ने आज धमतरी जिले के कुरुद में भूपेंद्र चंद्राकर सहित अन्य आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की।
- ईपीएफओ द्वारा आज राज्य के विभिन्न जिलों में विषेष समाधान षिविर आयोजित किया गया।
- महासमुंद पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के मास्टरमाइंड सहित छह आरोपियों को रायपुर और बेमेतरा से किया गिरफ्तार।
- दुर्ग और मोहला—मानपुर—अंबागढ़ चौकी जिले में हुए सड़क हादसे में उनतीस लोग घायल—दो की हालत गंभीर।

<u>ईडी—छापा</u>

भारतमाला घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय—ईडी ने आज धमतरी जिले के कुरुद में भूपेंद्र चंद्राकर और रोशन चंद्राकर के ठिकानों पर छापेमारी की। सुबह ईडी के अधिकारी भूपेंद्र चंद्राकर के घर पहुंचे, जहां उन्होंने दस्तावेजों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन की गहन पड़ताल की। आरोप है कि भूपेन्द्र चंद्राकर ने कथित भारतमाला घोटाले में अपने करीबियों को सिर्फ अभनपुर ही नहीं, बल्कि कायाबांधा, दुर्ग, पाटन, राजनांदगांव के देवादा और मगरलोड जैसे क्षेत्रों में करोड़ों रुपए का मुआवजा दिलवाया है। इन आरोपों से संबंधित शिकायत दस्तावेजों के साथ दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर ईडी यह जांच कर रही ळें

इसके साथ ही ईडी की टीम ने अभनपुर में जमीन कारोबारी गोपाल गांधी और उनसे जुड़े अन्य ठिकानों पर भी दबिश दी। ईडी के अधिकारी यहां संपत्ति संबंधी अभिलेखों, बैंकिंग लेनदेन और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर कथित धन के डायवर्जन और लेयरिंग की कड़ियों को खंगाल रहे हैं।

गौरतलब है कि यह मामला भारत माला परियोजना में किए गए मुआवजा वितरण में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं से जुड़ा है, जिसमें अपात्र व्यक्तियों, रिश्तेदारों और सहयोगियों को कथित रूप से अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाया गया। प्रारंभिक आंकलन में अनियमितताओं की राशि पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है, जिसके तार दुर्ग, पाटन, राजनांदगांव और मगरलोड तक जुड़े होने की जांच की जा रही है।

<u>ईपीएफओ समाधान समारोह</u>

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन — ईपीएफओ द्वारा आज राज्य के विभिन्न जिलों में विषेष समाधान षिविर आयोजित किया गया। इन षिविरों में पीएफ दावा, यूनिवर्सल अकाउंट नंबर, केवाईसी अपडेट, बैंक खाते की जानकारी में सुधार और पेंषन से जुड़े प्रकरणों के निराकरण संबंधी सहायता उपलब्ध कराई गई। ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की ओर से सदस्य सेवाओं को अधिक सरल और जनसुलभ बनाने के लिए "निधि आपके निकट टू प्वॉइंट जीरो" कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

<u>राज्यपाल—औद्योगिक सुरक्षा</u>

छत्तीसगढ़ शासन के चीफ इंस्पेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज हिम शिखर गुप्ता ने आज लोकभवन में राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने कारखानों में होने वाली औद्योगिक दुर्घटनाओं को रोकने और श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही

को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि कारखानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन हो, मशीनों की नियमित जांच की जाए तथा कर्मचारियों को समय–समय पर सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाए।

### राज्यपाल–औद्योगिक सुरक्षा

छत्तीसगढ़ शासन के चीफ इंस्पेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज हिम शिखर गुप्ता ने आज लोकभवन में राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने कारखानों में होने वाली औद्योगिक दुर्घटनाओं को रोकने और श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि कारखानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन हो, मशीनों की नियमित जांच की जाए तथा कर्मचारियों को समय–समय पर सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाए।

### कंपनी–कारण बताओ नोटिस

औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग की टीम ने जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम हथनेवरा स्थित प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार चौबीस अप्रैल को इंडक्शन फर्नेस से पिघली धातु के रिसाव की घटना हुई थी। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई थी। शुरुआती जांच में सुरक्षा से जुड़ी कुछ कमियां पाई गईं। इसके बाद संबंधित फर्नेस को फिलहाल बंद कर दिया गया है। विभाग ने प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को निर्देश दिया है कि सभी जरूरी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के बाद ही फर्नेस को दोबारा चालू किया जाए।

### उच्च न्यायालय–याचिका खारिज

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कांकेर से निर्वाचित सांसद भोजराज नाग पर ईवीएम मशीन में छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। भोजराज नाग का निर्वाचन रद्द करने याचिका तत्कालीन उम्मीदवार बीरेश ठाकुर ने दायर की थी। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि मशीनों की दोबारा जांच के लिए कोई निर्देश तब तक जारी नहीं किया जा सकता, जब तक मौखिक या डॉक्यूमेंट के ज़रिए गड़बड़ी के बारे में कोई सबूत रिकॉर्ड पर न रखा गया हो। याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता को डॉक्यूमेंट्री सबूत के साथ नई एप्लीकेशन फाइल करने की छूट दी गई है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस

देशभर सहित छत्तीसगढ़ में आठ मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाएगा। इससे पहले, आज लोकभवन में छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष टोमन साहू ने राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने राज्य और जिला शाखाओं में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के मानव सेवा कार्यों का प्रचार–प्रसार जन–जन तक पहुंचाने के लिए सदस्यता अभियान को गति देना आवश्यक है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों और विभिन्न वर्गों के नागरिकों को अभियान से जोड़ा जाए।

### पद्म पुरस्कार–नामांकन

गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया पन्द्रह मार्च से शुरू हो गई हैं। इसके लिए नामांकन की अंतिम तारीख इकतीस जुलाई है। नामांकन या सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवॉडर्स डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन की जा सकती है।

वहीं, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया इस वर्ष इकतीस जुलाई तक पांच से अट्ठारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है जो प्रतिवर्ष राष्ट्रपति द्वारा देशभर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है।

### मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल आकाषवाणी से प्रसारित "मन की बात" कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में काले हिरण के संरक्षण के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में इनकी संख्या बहुत कम हो गई थी, लेकिन लगातार प्रयास हुए, और संरक्षण बढ़ाया गया। आज ये फिर से खुले मैदानों में दौड़ते नजर आते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस उल्लेख से राज्य की पर्यावरणीय पहल राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से सामने आई हैं और बारनवापारा अभयारण्य को नई पहचान मिली है।

छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरूण पांडेय ने बताया कि वन विभाग द्वारा काले हिरणों के संरक्षण के लिए कई उपाए किए जा रहे हैं।

राज्यपाल—श्रीमंत झा

राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में चौसठ अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता पैरा आर्मरेसलर श्रीमंत झा ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने हाल ही में नार्वे के ईदफ्योर्ड में आयोजित हुए पैरा आर्मरेसलिंग कप प्रतियोगिता में पचासी किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। श्री डेका ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

संगीत विश्वविद्यालय—बस सुविधा

राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की नई बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस की सुविधा मिलने से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कला, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए विभिन्न स्थानों तक आवागमन में सहुलियत होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर लवली शर्मा सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मंडीप खोल गुफा

खैरागढ़—छुईखदान—गंडई जिले के ठाकुरटोला स्थित मंडीप खोल गुफा आज श्रद्धालुओं के लिए खोली गई। इस गुफा को साल में केवल एक दिन ही खोला जाता है, जिसे लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। सुरक्षा के लिहाज से मंडीप खोल गुफा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

सट्टा—आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड सहित कुल छह आरोपियों को रायपुर और बेमेतरा से गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति और लेनदेन का रिकॉर्ड जब्त किया है। जांच के दौरान पुलिस को एक करोड़ पन्द्रह लाख रुपये के ऑनलाइन सट्टे के लेनदेन का रिकॉर्ड भी मिला है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो लैपटॉप, एक टैबलेट और बाईस मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

दुर्घटना

दुर्ग जिले के बोरी थाना क्षेत्र में हुए बस हादसे में उन्नीस लोग घायल हो गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि यह बस मड़ियापार से बारात को वापस दुर्ग लेकर आ रही थी। इसी दौरान अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक बुजुर्ग और एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए रायपुर के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

वहीं, मोहला—मानपुर—अंबागढ़ चौकी जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक—नौ सौ तीस में ग्राम कमानसुर के पास बीती रात हुए सड़क हादसे में दस लोग घायल हो गए हैं। मानपुर थाना प्रभारी बृजेश सिन्हा ने बताया कि बालोद जिले के भरदाकला गांव से एक ही परिवार के दस लोग कांकेर जिले में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। वापसी के दौरान इनका वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने घायलों को मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, वहां से गंभीर रूप से घायलों को राजनांदगांव के मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है।

गांजा—बरामद

गरियाबंद जिले के अतरमरा नहर में तैरते मिले गांजे के करीब पन्द्रह पैकेट को पुलिस ने बरामद किया है। हर पैकेट में करीब दो किलो गांजा होने का अनुमान है। इस गांजे की कुल कीमत लगभग पन्द्रह लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अज्ञात तस्करों की तलाश में जुटी है।

संक्षिप्त समाचार

- रायपुर में पचास लाख रुपये गबन के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी ड्राइवर कृष्णा साहू समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से उनचास लाख पचास हजार रुपये नकद जब्त कर लिए गए हैं।

- जांजगीर–चांपा के रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा सक्ती जिले के आईटीआई परिसर में तीस अप्रैल को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>